# डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई

## विश्व पर्यावरण दिवस 2026

डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु अनेक सार्थक एवं प्रभावशाली गतिविधियों का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक एवं विचारोत्तेजक पोस्टरों के निर्माण से हुआ । इन पोस्टरों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन की गंभीरता, उसके दुष्प्रभावों तथा पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया । इस अवसर पर आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लाकर वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया । पुष्पीय, औषधीय तथा फलदार पौधों ने विद्यालय परिसर की हरियाली और सौंदर्य को बढ़ाया । क्षेत्रीय निदेशिका माननीया श्रीमती मीनू अग्रवाल और प्रधानाचार्या माननीया श्रीमती सुजाता एम. ने भी विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया । इसके अतिरिक्त आठवीं, नवीं तथा ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से एक पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई । मुख्य परिसर से वाटिका परिसर तक आयोजित इस रैली में विद्यार्थियों ने आकर्षक तख्तियों एवं प्रेरणादायक नारों के माध्यम से वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन–जन तक पहुँचाया । विद्यार्थियों ने दोनों परिसरों की हरित संपदा बढ़ाने हेतु पौधों का दान भी किया । उत्साह, जागरूकता एवं उत्तरदायित्व की भावना से परिपूर्ण यह आयोजन सभी को पर्यावरण संरक्षण का स्थायी संदेश दे गया ।

# डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई – 42

## विश्व पर्यावरण दिवस 2026

विद्यार्थियों द्वारा पौधों का दान